JALAUN POLICE

दिनांक- 18.10.2026

"नारी सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण का नया संकल्प"

मिशन शक्ति 6.0 के तहत अपर पुलिस अधीक्षक जालौन की उपस्थिति में बाल विवाह व महिला सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक एवं लघु फिल्म का आयोजन।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 "सशक्त बेटी, सशक्त प्रदेश" के अंतर्गत आज दिनांक 18.10.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 ईशान सोनी की अध्यक्षता में बाल विवाह व महिला सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक एवं लघु फिल्म का विशेष जागरूकता कार्यक्रम ग्राम कुसमिलिया डकोर में आयोजित किया गया।

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन तथा महिला सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह से बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को बेहद प्रभावी ढंग से दर्शाया गया तथा महिलाओं और बालिकाओं को प्रेरक व जागरूकता संबंधी लघु फिल्म दिखाई गई, जिसके माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं महिला अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई ।

अपर पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा बताया गया है कि मिशन शक्ति फेज-6.0 का उद्देश्य केवल महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना भी है। अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को नारी सम्मान एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए ऐसा वातावरण विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें महिलाएं एवं बालिकाएं स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित एवं सशक्त महसूस कर सकें। इसके साथ आपातकालीन स्थिति में सहायता हेतु वूमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन-1930 के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की की गयी। कार्यक्रम के समापन में महिलाओं, बालिकाओं एवं उपस्थित जनमानस को बाल विवाह न करने तथा समाज में इसके खिलाफ आवाज़ उठाने की शपथ भी दिलाई गई।